# शिवनाथ नदी में बाढ़ का खतरा, जलस्तर खतरे के निशान के करीब

**महमरा एनीकट से 8 फीट ऊपर बह रहा पानी, एक दर्जन गांवों को किया गया अलर्ट**

दुर्ग। आरएनएस

तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है महमरा एनीकट से लगभग 8 फीट ऊपर पानी बह रहा है। मोगरा जलाशय से 30000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शिवनाथ नदी के कैचमेंट एरिया से भी पानी की अच्छी आवक बनी हुई है। दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी से लगे करीब एक दर्जन गांवों को अलर्ट कर दिया गया है।

दुर्ग जिले में लगातार पिछले तीन दिनों से अच्छी बारिश हो रही है इसके अलावा मोगरा जलाशय से अभी भी 30000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके कारण शिवनाथ नदी में पानी की आवक बनी हुई है। महमरा एनीकट से पानी 8 फीट ऊपर तेज बहाव के के साथ बह रहा है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालिका यंत्री सुरेश पांडे ने बताया कि शिवनाथ नदी में आसपास के नदी नालों से भी अत्यधिक पानी आ रहा है जिसके कारण रात में नदी का जलस्तर और भी अधिक बढने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यदि 10 फीट के ऊपर पानी बहता है तो शिवनाथ नदी में बाढ़ आने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए नदी के आसपास के करीब एक दर्जन गांवों को अलर्ट पर रखा गया है। सभी ग्रामीणों को नदी से दूर रहने की सलाह दी गई है साथ ही अपने-अपने मवेशियों को घर पर ही रखना कहा गया है।



**महमरा एनीकट के खोले गए 10 गेट-** कार्यपालन अभियंता सुरेश पांडे ने बताया कि शिवनाथ नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण महमरा एनीकट के 10 गेट खोल दिए गए हैं। शिवनाथ नदी में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। रात में अच्छी बारिश होने की संभावना है। जिसके कारण नदी का जल स्तर बढ़ेगा।

**एसडीआरएफ की टीम तैनात-** एसडीआरएफ दुर्ग के प्रभारी एवं सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शिवनाथ नदी में बाढ़ के खतरे को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम किनारे पर तैनात कर दी गई है। महमरा एनीकट के बड़े हुए जल स्तर को देखने के लिए लगातार भीड़ पहुंच रही है। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। नदी के समीप जाने से लोगों को रोका जा रहा है एवं नदी तट से दूर रहने की ही सलाह दी जा रही है। नदी किनारे बसे करीब एक दर्शन से ज्यादा गांव को मुनादी करा कर बाढ़ के खतरे की चेतावनी भी दी गई है।

## निरीक्षक दीपक शर्मा ने समुद्र की लहर में कूद कर बचाई एक महिला की जान

- -गोवा कैंडोलिम तट की घटना में अपनी साहस का परिचय देते हुए,मुंबई की महिला कल्पना को बचा लिया गया सुरक्षित
- -सर्व गुजराती समाज छ.ग.द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रक्षित निरीक्षक शर्मा का किया गया सम्मान
- -पुलिस अधीक्षक ने इस साहसिक कार्य के लिए रक्षित निरीक्षक की प्रशंसा करते हुए दिये शबासी

धमतरी-रायपुर। आरएनएस

धमतरी पुलिस के रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा छुट्टी मनाने अपने परिवार के साथ गोवा गए थे। वहीं मुंबई में रहने वाले गुजराती परिवार के 50 लोगों का अमुलक ग्रुप से भी पुरूष एवं महिलाएं गोवा आए हुए थे।

सभी 19 जुलाई को कैंडोलिम बिच में समुद्र तट पर घुमने के लिए पहुंचे थे। और जब इन लोग समुद्र में नहा रहे तो अचानक आए खतरनाक समुद्री लहर की चपेट में आ गये। दो महिलाएं,एक पुरुष समुद्र की गहराई की ओर खींचते चले गये। बचाव बचाव की आवाज सुनाई देते ही तट में खड़े धमतरी पुलिस छतीसगढ़ के रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा जिनकी गोद में 10 माह का बच्चा था ने बिना कोई देर किए अपनी पत्नी की गोद में बच्ची को देकर कूद गए। और अपनी जान की परवाह ना करते हुए गोवा के कैंडोलिम तट पर तीन लोगों की जान बचाने धमतरी के समुद्री लहर छलांग लगा दी जिसमें मुंबई की एक महिला की जान बचाई,जबकि दो लोगों को नहीं बचाया जा सका।

इस दौरान स्वयं भी लहर की चपेट में आ गए थे, लेकिन साहस का परिचय देते हुए मुंबई की महिला कल्पना को बचा लिया। जबकि दो लोग पंकज दोषी एवं हर्षिता दोषी गहरे समुद्र में डूब गए। इस घटना से उक्त ग्रुप के साथ-साथ उनके इष्ट मित्र परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। एक महिला की जान बचाने के लिए धमतरी के रक्षित निरीक्षक की अदम्य साहस की वहां उपस्थित लोगों ने सलाम किया। समुद्री लहर में फंसे एक महिला को तो उन्होंने बचा लिया,लेकिन दो लोगों को ना बचा पाने का काफी अफसोस जाहिर किये। प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छ.ग.प्रीतेश गांधी , गुजराती समाज के कीर्ति शाह, योगेश गांधी,सुधीर गांधी, कमलेश गांधी, लख्खू भाई, राजेंद्र शर्मा, दिलीप सोनी, ने रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा का सम्मान किया और कहा की इस जोखिम भरे लहर से बचाने में शर्मा जी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय ने रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा की प्रशंसा करते हुए उन्हें इस साहसिक कार्य के शबासी भी दिये।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्वर में बजट आबंटन की एंट्री के लिए वित्त विभाग ने 31 जुलाई तक अनुमति दी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने द्वितीय तिमाही के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु बीसीओ से संबद्ध डीडीओ को बजट आबंटन की एंट्री सर्वर में किए जाने के लिए समस्त विभागों को 31 जुलाई 2024 तक अनुमति प्रदान की है। इस अनुमति का पत्र वित्त विभाग मंत्रालय नवा रायपुर से समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, समस्त विभागाध्यक्ष को जारी किया गया है।

### फ्लाई ओवरब्रिज की रेलिंग में सो रहा युवक नीचे गिरा,हुई मौत

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के चांपा फ्लाई ओवरब्रिज से गिरकर एक शराबी की मौत हो गई है। मृतक शराब के नशे में ब्रीज के रेलिंग पर सो गया था तथा नींद में वहां से गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन सूर्यवंशी के रूप में हुई है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 11.30 बजे एक युवक के फ्लाई ओवरब्रिज के नीचे मृत अवस्था में पड़े होने की चांपा पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीडीएम अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया। मृतक युवक की पहचान लछनपुर निवासी पवन सूर्यवंशी के रूप में की गई। बताया जाता है कि सोमवार को काम कर घर आया और खाना खाने के बाद आराम कर रहा था। वह सोमवार की रात 11 बजे घर से बाइक लेकर निकला था। पवन ने शराब पी रखी थी। वह शराब के नशे में फ्लाई ओवरब्रिज में मोटर साइकिल को खड़ी कर रेलिंग में सो गया तथा नींद में वह रेलिंग से सीधे मुंह के बल नीचे गिर गया और उसकी वही मौत हो गई। मृतक पवन सूर्यवंशी शादी शुदा था तथा उसका एक बच्चा भी है। वह रोजी मजदूरी का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया है।

### प्राकृतिक आपदा से मृत्यु, आर.बी.सी. 6-4 के तहत 1 लाख रुपए की अनुदान राशि मंजूर

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिस के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। पेंशनबाड़ा रायपुर से मृतक सलीम ख़ान की पत्नी श्रीमती अमीना ख़ान को एक लाख रुपये की अनुदान राशि जारी किया गया, यह राशि स्वर्गीय सलीम ख़ान के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी वारिसान पत्नी को जारी किया गया।

## अपने काम को पूरी ईमानदारी और दक्षता से करना ही देशसेवा - मुख्यमंत्री साय

- स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछे विधानसभा संचालन को लेकर प्रश्न
- स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के जवाबों को सुना उत्सुकता पूर्वक
- कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया विधानसभा का भ्रमण, कार्यवाही भी देखी

**रायपुर (आरएनएस)।** आप जिस रूप में भी देश की सेवा करना चाह रहे हैं, उस रूप में देश की सेवा कर सकते हैं। एक अच्छा डॉक्टर बन मरीजों की सेवा कर देश की सेवा कर सकते हैं, जनप्रतिनिधि बनकर जनता की समस्याएं दूर कर लोगों की मदद कर सकते हैं। अपने काम को बेहतर तरीके से और पूरी ईमानदारी से करना ही, आज के समय में सच्ची देश सेवा है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा परिसर भ्रमण के लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल तुलसी, रायपुर से आए बच्चों के प्रश्नों के उत्तर में कही। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय से बच्चों ने सदन में विपक्षी विधायकों के सवाल-जबाव, विधानसभा क्षेत्रों की समस्याएं दूर करने और अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा की कार्यवाही के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि सबसे पहले प्रश्नकाल होता है और इसके पश्चात सदस्य यदि किसी महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं, तो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेकर आते हैं। इसी तरह से उन्होंने शून्यकाल, तारांकित, अतारांकित प्रश्न, अन्य प्रस्ताव, बजट के ऊपर एवं विधानसभा में होने वाली अन्य चर्चाओं एवं विधानसभा संचालन और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की समस्याएं दूर करने के लिए विधायकों के पास विधायक निधि होती है। इसके अलावा विभागीय बजट से भी कार्य स्वीकृत किए जाते है। विधायकों को मतदाता चुनकर भेजते हैं और क्षेत्र का विकास उनकी जिम्मेदारी होती है, इसलिए वो लगातार सवाल करते है। दो विभागों के बीच विवाद की स्थिति को लेकर बच्चों की जिज्ञासा दूर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि नीति और नियत साफ है तो ऐसी स्थिति नहीं बनती है। मुख्यमंत्री साय के लंबे संसदीय अनुभव से बच्चों को बहुत सारी जानकारियां मिली और उन्होंने मुख्यमंत्री को उत्सुकता के साथ सुना। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आप सभी निष्ठा से परिश्रम करते रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। निजी स्वार्थ को छोडक़र हमें देशहित के लिए हमेशा समर्पित होकर कार्य करना होगा। जिस भी रूप में आप देशसेवा करना चाहते हैं, उसे तय कर इस दिशा में प्रयास करते रहें। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 साल की उम्र में मेरे पूज्य पिताजी का देहांत हो चुका था और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच पाउंगा। मेरी इच्छा उन्नत किसान बनने की थी। लेकिन इस सफर में जो जिम्मेदारियां मुझे मिली, मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाता रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि इस अभियान से जुडक़र आप सभी पेड़ लगाएं। मां के नाम से पेड़ लगाने पर इससे हमारा भावनात्मक जुड़ाव होगा और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी हमारी होगी।

## युवक का अपहरण कर पिटाई करने वाले युवकों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में एक युवक का अपहरण कर मंदिर हसौद ले जाकर पिटाई करने तथा उसे अधमरा छोडक़र फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को आधा गंजा कर शहर में उनका जुलूस निकाला। बता दें कि गुढिय़ारी थानाक्षेत्र के रहने वाले एक युवक की उसके ही दोस्त प्रिंस बागड़े, अंशुल रहंगडाले,अनिल सिन्हा तथा ललित ने एक पुराने विवाद के चलते अपहरण कर लिया तथा आरोपियों ने युवक को गुढिय़ारी क्षेत्र के एक कमरे में बंद कर उसकी पिटाई की तथा बाद में कार में बिठाकर उसे अपने साथ मंदिर हसौद क्षेत्र में ले गये और वहां भी उसकी पिटाई कर विडियो बनाया तथा उसे अधमरा कर बेहोश छोडक़र भाग गये। आरोपी युवकों ने पिटाई का विडियो भी सोशल मिडिया में वायरल कर दिया। बेहोश युवक को जब होश आया तो वह किसी तरह अपने घर पहुंचा और मामले की शिकायत गुढियारी थाने में दर्ज कराई। पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही थी पर आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए इंस्टाग्राम में रील बनाकर किसी और स्थान का नाम बता रहे थे ताकि पुलिस गुमराह होती रहे। जिसपर पुलिस ने उनके मोाबाईल लोकेशन को ट्रेस किया और पता चला कि आरोपी दिल्ली में छिपे बैठे है जिसके बाद पुलिस ने एक टीम दिल्ली भेजी और आरोपियों को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया।

## रजिस्ट्री और नामांतरण में पति और पिता का नाम स्पष्ट दर्ज कराएं : कलेक्टर धर्मेश साहू

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू ने राजस्व बंदोबस्त के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व से जुड़े सभी कार्यों जैसे सीमांकन, बटांकन, बिसरा, त्रुटि सुधार, खसरा, नक्शा काटना, विलोपन, सृजन आदि के संबंध में सारंगढ़ अनुविभाग के एसडीएम अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर और भू-अभिलेख शाखा के प्रभारी डॉ. वर्षा बसंल, राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों के साथ चर्चा की। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि सभी समस्याग्रस्त प्रकरणों का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सूची बनाएं और उस सूची से एक-एक प्रकरण का निराकरण करें। आवेदकों को पेशी की तारीख का नोटिस दे और आवेदक यदि पेशी में नहीं आते तो आगे की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट ऐसे बनाएं जो सालो-साल तक मिसाल रहे।

पति और पिता के नाम होने वाले त्रुटि के प्रारंभिक स्तर पर त्रुटि नहीं होने के लिए आवश्यक कदम हेतु कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को कहा कि वे रजिस्ट्री या राजस्व कार्यों जैसे नामांतरण आदि में पटवारी के पास नाम दर्ज कराने के समय आवेदिका अपने पिता के नाम और आवेदिका अपने पति व पिता के नाम की स्पष्ट जानकारी दें ताकि रिकार्ड में त्रुटि नहीं हो।

## कलेक्टर साहू ने ली उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले में असाक्षरों को साक्षर करने के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक ली। कलेक्टर ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों को जिले के असाक्षरों की सर्वे कराने, लक्ष्य निर्धारण, असाक्षरों को साक्षर बनाने का रोडमैप बनाने, इस अभियान में स्वेच्छा से शामिल होने वाले स्वयंसेवकों, इच्छुक नागरिकों की सूची तैयार करने, उनके लिए स्थान, समय और आवश्यक पेन, कॉपी, किताब, पेंसिल, ब्लैकबोर्ड उपलब्ध कराने आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई और आवश्यक सुझाव लिए गए। बैठक में शिक्षा का अधिकार के संबंध में और निजी स्कूलों में फीस निर्धारण के संबंध में चर्चा हुई। इस बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. वर्षा बंसल, लायंस क्लब गोल्ड सारंगढ़ के अध्यक्ष कैजार हुसैन, अधिमान्य पत्रकार दीपक थवाईत, समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल व सतीश यादव,




उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, नोडल अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण मुकेश कुर्रे, समग्र शिक्षा के नोडल अधिकारी शोभाराम पटेल, हरदी हाईस्कूल की प्राचार्य विभावरी ठाकुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के प्राचार्य एस.आर. बैरागी, एनएसएस और आरटीई छात्र के पालक सहित समन्वयक पंकज दुबे उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने असाक्षरों को साक्षर करने के लिए शपथ लिए।

## हाथी के हमले से एक की मौत, एक घायल

रामानुजगंज। आरएनएस

रामनुजगंज ग्राम बगरा में बीती रात हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया।

घटना की सूचना पर देर रात वन अमला मौके पर पहुंचा। मृतक ग्रामीण के शव को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। साथ ही रेंजर संतोष पांडे के द्वारा पीड़ितों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कृष्णनगर, धमनी निवासी राजाराम सिंह (45) अपने साथी लक्ष्मण सिंह (50) के साथ ग्राम चाकी गया था। वहां से दोनों देर रात जंगल के रास्ते पैदल घर लौट रहे थे। बगरा मोड़ के पास वे गोठान के पास सुस्ताने के लिए बैठे थे इसी दौरान वहां पर अकेले विचरण कर रहा हाथी पहुंच गया। हाथी ने लक्ष्मण सिंह को पहले अपने सूंढ़ से धक्का दिया और राजाराम सिंह को सूंढ़ से उठाकर पटक दिया एवं कुचल दिया। जिससे उसकी वहीं मौत हो गई। धक्का दिए जाने से गिरने के बाद लक्ष्मण सिंह मौके से किसी तरह भागने में कामयाब हो गया। और बगरा पहुंच ग्रामीणों को हाथी के हमले की सूचना दी। ग्रामीणों ने वनविभाग को हाथी के पहुंचने की सूचना दी। रात में ही वनविभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे एवं हाथी से दूर रहने की सलाह देकर मुनादी कराई। घायल लक्ष्मण सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृतक ग्रामीण के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। रेंजर संतोष पांडे के द्वारा स्वजनों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।



रेंजर संतोष पांडेय ने बताया कि उक्त हाथी अपने दल से अलग होकर बगरा पहुंचा है। हाथी के पास के जंगल में मौजूद होने की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह दी गई है। शाम ढलने के बाद लोगों को बाहर न निकलने कहा गया है। बगरा सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है।

## मनरेगा से बने कुएं से कृष्णा बाई को खेती-किसानी में मिल रही सुविधा

**दो फसल लेने से बढ़ी आमदनी, संवरी जिंदगी**

बिलासपुर। आरएनएस

मनरेगा योजना से जिले के ग्रामीणों की जिंदगी संवर रही है रही है। मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों से ना केवल उन्हें रोजगार मिल रहा है अपितु इन कार्यों से उन्हें आजीविका का साधन भी मिल गया है। शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को समय-समय पर अवगत कराया जा रहा है जिसका फायदा उठा कर उनके जीवन में बदलाव आ रहा है।



जिले से लगभग 60 कि.मी. दूर मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम कुकुर्दीकला की निवासी श्रीमती कृष्णा बाई को भी मनरेगा के तहत लाभ मिला। हितग्राही श्रीमती कृष्णा बाई के पास सिंचाई का साधन नहीं होने से खेती करने में बड़ी परेशानी होती थी। उन्होंने बताया की उनके पास लगभग 2 एकड़ खेत है लेकिन सिंचाई साधन न होने से उनको खेती करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। हितग्राही को शासन द्वारा मनरेगा के तहत दिए जाने वाले योजना की जानकारी मिली जिससे उन्होंने कूप निर्माण कार्य की आवश्यकता का प्रस्ताव रखा गया। कूप निर्माण का काम मनरेगा के तहत पंजीकृत श्रमिको के सहयोग से 512 दिन मानव दिवस सृजित कर पूर्ण कराया गया। इस कार्य में मनरेगा श्रमिकों को रोजगार का अवसर मिला जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ और आमदनी भी मिली।

कुंआ बन जाने से हितग्राही को मनरेगा के तहत रोजगार मिला। पानी की पर्याप्त मात्रा मिलने से उनको खेती करने में अब कोई परेशानी नहीं होती है। खेतों में अब सिंचाई के पर्याप्त साधन होने से फसल की पैदावार बढ़ी। अब हितग्राही श्रीमती कृष्णा बाई खरीफ और रबी दोनों फसलों का उत्पादन अपने खेतों में करती है। हितग्राही को अब साल में 60-70 हजार रुपए का मुनाफा हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। अब हितग्राही का परिवार सुखद जीवन जी रहा है और अधिक फसल उत्पादन से अपने आस-पास के लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहे है। श्रीमती कृष्णा बाई ने सपरिवार शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके इतने बड़े आर्थिक संकट में सरकार ने उन्हें सहारा दिया। अब वे शासन की योजनाओं की जानकारी अपने गांव के अन्य जरूरतमंद लोगों को भी दे रहीं है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU